गर्मी से लोगों के हुए हाल बेहाल, आने वाले दिनों में बढ़ सकता है तापमान

## नौ-तपा के पहले दिन 43 .4 पर पहुंचा तापमान



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 मई. सोमवार से नौ-तपा प्रारंभ हो गया है। पहले दिन से ही सूर्य भगवान से आग उगलना शुरू कर दिया। हीट बेव ओर उमसे लोग परेषान होते रहे। जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त रहा।**

लोग अपने अपने घरों और कार्यालयों में कूलर की ठंडी हवा और एसी की ठंडक में दुबके रहे। जो लोग बाहर सड़कों पर थे, वह अपने चेहरे और सिर को पूरी तरह ढके हुए थे। हालांकि आसमान में बदली भी रही। इसके बाद भी सूर्य का प्रभाव कम नहीं हुआ। नौ-तपा के पहले दिन अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वही न्यूनतम तापमान भी 29 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। दिन तो दिन रात में भी गर्म हवाएं परेशान करने से पीछे नहीं हट रही है। दोपहर के समय ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग एमएलबी पार्क, दीनदयाल पार्क और एकता पार्क सहित अन्य पार्क के वृक्षों के नीचे आराम करते दिखाई दिए। इस तरह पहले दिन तापमान ने अपने असर से लोगों को हलाकान कर दिया। मौसम विभाग के विशेषज्ञ डॉ संत कुमार शर्मा ने बताया कि नौ-तपा के पहले दिन तापमान तकरीबन दो डिग्री का उछाल देखने मिला है। इसी तरह न्यूनतम तापमान में 29 डिग्री पर पहुंच गया है। पहले दिन की गर्मी ने इस साल के सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। आने वाले दिनों में तापमान में और उछाल की संभावना बन रही है। आसमान में बादल छाए रहेंगे। हालांकि बारिश की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

### शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़

भींषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़ देखी गई। लोगों ने गन्ने का रस, शिकंजी, फलों का जूस, नारियल पानी का सहारा लेकर अपने गले को तर कर गर्मी से राहत पाई। इसी तरह आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों ने आइसक्रीम खाकर राहत महसूस की। सुबह से लेकर रात तक दुकानों पर भीड़ देखी गई।

### बच्चे और वृद्ध वरते सावधानी

इधर डाक्टरों की मानें तो गर्मी में शरीर में पानी की मात्रा बहुत जल्द कम होती है। इसलिए अधिक से अधिक पानी पिएं। जूस और फलों का अधिक से अधिक उपयोग करे। मसालेदार भोजन से दूर रहे। बासे भोजन से परहेज करें। हो सके तो भोजन ताजा ही करे। ऐसे मौसम फास्ट फूड से दूर रहे। उल्टी दस्त की संभावना बन सकती है। इसलिए खाने पीने में एतिहात बरतें।

## नगर निगम अमले ने की सड़क अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 मई. शहर के परासिया रोड, वीआईपी रोड एवं खजरी चौराहे पर सड़क किनारे रखे गए सामान को व्यवस्थित कराने की कार्रवाई की गई।**

इस दौरान सड़क पर अव्यवस्थित रूप से लगाए गए सब्जी विक्रेताओं के पाल भी हटवाए गए और उन्हें निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित किया गया। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों एवं ठेला चालकों को समझाइश दी। साथ ही अनाउंसमेंट के माध्यम से सख्त हिदायत दी गई कि कोई भी दुकानदार या व्यापारी सड़क पर सामान न रखे। अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण होने से यातायात प्रभावित होता है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक रात में 123 वारंटियो को किया गिरफ्तार

### अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग आपरेशन




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 मई. बीती देर रात जिले भर की पुलिस ने कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। अधिकारियों ने अलग अलग क्षेत्रों में पुलिस बल रवाना किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर और सायबर सेल की मदद से दबिश देकर एक ही रात्रि में 28 स्थायी व 95 गिरफ्तारी कुल 123 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। सभी वारंटियों को न्यायालय को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।**

पुलिस कंट्रोल रुम प्रभारी डीएस शेन्डे एवं उनकी टीम ने काम्बिंग ऑपरेशन नेतृत्व किया। जिसमें एसडीओपी श्रीमती भारती जाट चौरई के नेतृत्व में कांबिग गस्त के दौरान सर्वाधिक वारंट तामील किया गया। जिसमें 04 स्थायी व 20 गिरफ्तारी, कुल 24 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी मोहखेड के नेतृत्व में 04 स्थायी व 06 गिरफ्तारी, कुल 10 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। एसडीओपी श्रीमती कल्याणी बरकडें के नेतृत्व में अमरवाड़ा में 03 स्थायी व 07 गिरफ्तारी, कुल 10 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने पुलिस टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।

आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त वारंटियों में शमिल 102 गुंडा बदमाश, 81 निगरानी बदमाश, 02 जिला बदर के आरोपी, 01 जेल से रिहा आरोपी एवं 43 कबाड़ियो की जांच कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया। थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों को पुलिस टीम ने तलाशी ली। जिसमें 08 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। अवैध शराब की तस्करी, खुले स्थान में शराब पीने वाले 51 व्यक्तियों से 300 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

## पुलिस अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा।** दमुआ पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाते हुए अवैध शराब तस्कर सहित देशी-विदेशी शराब जप्त की हैं। मुखबिर की सूचना पर हुई उक्त कार्यवाही के दौरान वार्ड नं 08 माईनस दमुआ पुरानी रेल्वे ट्रैक के पास एक मोटर साइकिल से अवैध शराब की तस्करी कर रहे दीपक पंद्राम पिता अम्मुलाल पंद्राम उम्र 27 साल निवासी कन्हान वन को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से हाथ में रखे बोरी एवं मोटर सायकल पर रखे बैग से 62 लीटर देशी एवं विदेशी शराब जिसकी कुल कीमत 30960 बरामद की गई। पुलिस ने दीपक पंद्रम सहित एक अन्य आरोपीगण के विरुध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

## दबंगों ने मोक्षधाम पर किया कब्जा, विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

### जटलापुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्ष को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 मई. रसूकदारों की नजर जमीनों पर दौड़ रही। जहां देखो सरकारी जमीनों पर कब्जा और आदिवासी की जमीन हथियाने में लगे हुए है। अब इन रसूकदारों ने मोक्षधाम की जमीन को भी नहीं छोड़ा।**

इतना ही नहीं मोक्षधाम की जमीन पर किए गए कब्जे का विरोध करने पहुंचे लोगों पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस चौकी में पहुंचे तो पीड़ितों की सुनवाई नहीं हुई। दरअसल हमलावर सत्ता पक्ष से जुड़े हुए लोग बताए जा रहे थे। यह कथन ग्राम जटलापुर के निवासियों ने कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन देते समय दिए। उन्होंने सम्पूर्ण मामले में निष्पक्ष कार्रवाई के साथ ही ग्राम के मोक्षधाम को कब्जा मुक्त किए जाने की मांग भी रखी।

बता दें कि ग्राम जटलापुर निवासी दिनेश, सीताराम, सुभाष वर्मा, मनेश वर्मा, मनोज, राधेश्याम लोधी, रविन्द्र वर्मा, बलवान, पंकज व राजा वर्मा के द्वारा दिनांक 21 मई की रात करीब 8.30 बजे लोहे की राड व तलवार से ग्राम के निवासी रमन ठाकुर, राजेश ठाकुर, पतिराम यादव, तरूण गिर, राकेश ठाकुर, धर्मेन्द्र वर्मा, सुमेन्द्र वर्मा, क वर्मा, सुजीत गिर, हरि वर्मा को अपशब्द कहते हुए गम्भीर मारपीट कर जाने से मारने का प्रयास किया गया। समस्त पीड़ितों ने धरमटेकड़ी चौकी पहुंचकर प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस ने सत्ता पक्ष के दबाव में के चलते अपराध पंजीबद्ध नहीं किया। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध तत्काल अपशब्द कहते हुए मारपीट करना, दंगा, बलवा व हत्या के प्रयास की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए साथ ही शासकीय भूमि पर निर्मित मोक्षधाम व स्कूल पहुंच मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराए। आरोपीगण अपराधिक प्रवृत्ति के लोग है जो आए दिन ग्राम में विवाद कर माहौल खराब करने का काम करते हैं।



### प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान

ग्रामीणों ने बताया कि जब आरोपीगण के द्वारा मोक्षधाम व स्कूल पहुंच मार्ग पर अतिक्रमण किया जा रहा था, उसकी सूचना प्रशासन को दी, लेकिन उन्होंने कोई कान और ध्यान नहीं दिया। विवाद होने पर शासन और प्रशासन आरोपियों के साथ खड़ा होकर उन्हें बचाने में जुटा है इससे पुलिस और प्रशासन की निष्पक्षता पूरी तरह से सवालों के घेरे में है। उन्होंने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | Also Available on: Flipkart amazon.in | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. *Limited period offer, T&C apply.*Ex-showroom price of HF Dlx kick variant in Madhya Pradesh. #T&C Apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589